समाचार

वार्ड क्र. 35, 36 व 37 में एक दिन और बनेगा आधार कार्ड

कोरबा 25 सितम्बर 2013 – नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्र के वार्ड क्र. 35, 36 एवं 37 में 23 सितम्बर से 25 सितम्बर तक बायोमेट्रिक आधार कार्ड बनाने के निर्धारित कार्यक्रम के तहत कार्य किया गया है, किन्तु कार्य पूर्ण न होने के कारण 26 सितम्बर को भी आधार कार्ड बनाने का कार्य जारी रखा जाएगा। संबंधित प्रगणकों से कहा गया है कि वे प्रातः 10 बजे शाम 7 बजे तक अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर उक्तानुसार कार्य किया जाना सुनिश्चित करेंगे।

इसी प्रकार गणना ब्लाक नं. 322 एवं 323 का कार्य पूर्ण में वि.गृ.प्राथ.शा.भवन एच.टी.पी.पी. दर्री में निर्धारित था, किन्तु पार्षद द्वारा दिए गए प्रस्ताव को स्वीकार करते हुए मकान क्र. सी–01 से डी–287 तक तथा म.क्र. ए–1/(1), ए–11/11(2), बी–1/1 से बी–34 तक, मकान क्र. सी–59 से सी–84 तक का केन्द्र सीनियर क्लब एच.टी.पी.पी. दर्री में रखा गया है, संबंधित नागरिकों सीनियर क्लब में आधार कार्ड बनवा सकते हैं।

संपादकव्यूरोचीफ......................................
कृपया प्रकाशनार्थ सादर संप्रेषित

(रावेन्द्र सिंह)
सहायक जनसंपर्क अधिकारी
नगर पालिक निगम
कोरबा (छ.ग.)